# राम दर्शन को मन ललचाया

राम दर्शन को मन ललचाया
शिव भोला अवध मे आया

झोली कांधे धरी हाथ ले ली छड़ी
बंदर हनुमान बनाया
शिव भोला अवध में आया
राम दर्शन को मन ललचाया

द्वारे दशरथ के जा दिया डेरा जमा
और डम डम डमरू बजाया
शिव भोला अवध में आया
राम दर्शन को मन ललचाया

सुन के डमरू की तान बच्चे बूढ़े जवान
सबने आ कर के घेरा बनाया
शिव भोला अवध में आया
राम दर्शन को मन ललचाया

क्यों छुपे हो हरि काहे देरी करी
मेरे नैनों को क्यों तरसाया
शिव भोला अवध में आया
राम दर्शन को मन ललचाया

आए दशरथ ललन किए शिव को नमन
हनु मत ने शीश झुकाया
शिव भोला अवध में आया
राम दर्शन को मन ललचाया

करके शंभू का ध्यान चले करुणा निधान
अपने भक्तों का मान बढ़ाया
शिव भोला अवध में आया
राम दर्शन को मन ललचाया

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |